**अधिसूचना**

नई दिल्ली, 11 फरवरी, 2015

**का.आ. 469(अ).—**जबकि आयकर अधिनियम, 1961(1961 का 43) की धारा 35 क ग के स्पष्टीकरण के खंड (ख) के अंतर्गत जारी की गई भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, (राजस्व विभाग) की दिनांक 14.06.2011 की अधिसूचना सं0 **का**०आ0 1370 (अ0) द्वारा केन्द्रीय सरकार ने "श्री ब्रह्म समाज सेवा ट्रस्ट, 402, सपना अपार्टमेंट, आदर्श हाई स्कूल रोड, एस.टी. स्टैंड के समीप, पाटन 384265, गुजरात" द्वारा "मानसिक रूप से विकलांग लोगों के लिए घर, डिसेबिलिटी सहायक सामग्री का वितरण, जल भंडारण के पुराने तालाब/टैंकों की मरम्मत, बाल मजदूरों के लिए शैक्षणिक सहायक-सामग्री, ग्रामीण महिलाओं के लिए व्यवसायिक प्रशिक्षण और माइक्रो फाइनैंस उद्यम, चिकित्सा कैंपों का आयोजन और एचआईवी खून की जांच संबंधी कार्यक्रम" की परियोजना को वित्तीय वर्ष 2013-14 को समाप्त होने वाली तीन वर्ष की अवधि के लिए 7.08 करोड़ रू0 की अनुमानित लागत पर एक पात्र परियोजना के रूप में क्रम सं0 4 पर अधिसूचित किया था;

और जबकि उक्त परियोजना या स्कीम के तीन वर्षों से अधिक चलने की संभावना है ;

और जबकि सामाजिक और आर्थिक कल्याण की अभिवृद्धि के लिए राष्ट्रीय समिति का यह समाधान हो जाने पर कि उक्त परियोजना अथवा स्कीम उपयुक्त रूप से निष्पादित की जा रही है, इस समिति ने आयकर नियमावली, 1962 के नियम 11 ड के उप-नियम (5) के अंतर्गत उक्त परियोजना अथवा स्कीम को अगले तीन वर्षों की अवधि के लिए विनिर्दिष्ट करने की सिफारिश की है ;

इसलिए, अब, केन्द्रीय सरकार, आयकर अधिनियम, 1961(1961 का 43) की धारा 35 क ग के स्पष्टीकरण के खंड (ख) के साथ पठित उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, एतदद्वारा "श्री ब्रह्म समाज सेवा ट्रस्ट, 402, सपना अपार्टमेंट, आदर्श हाई स्कूल रोड, एस.टी. स्टैंड के समीप, पाटन 384 265, गुजरात" द्वारा चलाई जा रही "मानसिक रूप से विकलांग लोगों के लिए घर, डिसेबिलिटी सहायक सामग्री का वितरण, जल भंडारण के पुराने तालाब/टैंकों की मरम्मत, बाल मजदूरों के लिए शैक्षणिक सहायक-सामग्री, ग्रामीण महिलाओं के लिए व्यवसायिक प्रशिक्षण और माइक्रो फाइनैंस उद्यम, चिकित्सा कैंपों का आयोजन और एचआईवी खून की जांच संबंधी कार्यक्रम" की परियोजना अथवा स्कीम को 7.08 करोड़ रू0 की अनुमोदित लागत में कोई परिवर्तन किये बिना वित्तीय वर्ष 2014-15 से प्रारंभ होने वाले वर्ष से आगे तीन वर्षों की अवधि अर्थात 2014-15, 2015-16 और 2016-2017 के लिए एक पात्र परियोजना अथवा स्कीम के रूप में अधिसूचित करती है।

[सं. 99/2015/फा. सं. वी -27015/4/2014-एसओ (रा.स.)]

मक्खन लाल मीना, उप सचिव (राष्ट्रीय समिति)